1 लाख से ऊपर बकायादारों के खिलाफ निगम चलाएगा अभियान, कम वसूली वाले होंगे दंडित

लक्ष्य हासिल करने वालों का होगा सम्मान

नवभारत,जबलपुर। शहर की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने और विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से नगर निगम ने राजस्व वसूली अभियान में तेजी ला दी है। इसी को लेकर शनिवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने निर्देशित किया कि शहर में बेहतर सड़कें, स्वच्छ जल और आधुनिक अधोसंरचना के लिए राजस्व की उपलब्धता आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि सम्पत्तिकर और जलकर का समय पर भुगतान करें। वहीं डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण शुल्क, किराया, लीज और अनुज्ञप्ति लाइसेंस शुल्क भी नगर निगम में जमा कर सहयोग प्रदान करने का भी जनता से अनुरोध किया गया है। वहीं वसूली अभियान के संबंध में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने भी राजस्व वसूली अभियान में लगे सभी अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि 16 संभागों के 79 वार्डों में चिन्हित 1 लाख से ऊपर के बकायादारों की सूची लेकर फील्ड में निकलें और करदाताओं से बकाया करों की राशि जमा करने अनुरोध करें।

इस मौके पर महापौर ने राजस्व वसूली अभियान की समीक्षा बैठक के दौरान राजस्व अमले को भी पिछले वर्ष से इस वर्ष 25 प्रतिशत तक बढ़ाकर वसूली का लक्ष्य प्राप्त करने निर्देश प्रदान किये। बैठक के दौरान महापौर ने उपस्थित सभी अमले से कहा कि लक्ष्य से अधिक वसूली करने वाले अमले को पुरस्कृत किया जायेगा वहीं कम वसूली करने वाले राजस्व अमले को दंडित किया जाएगा।

रेलवे, बीएसएनएल, विद्युत मंडल से भी जमा कराएं राशि

वसूली अभियान के संबंध में अपर आयुक्त अरविन्द शाह ने सभी अमले को निर्देशित कर कहा कि शहरी क्षेत्रों में बहुत से शासकीय कार्यालय संचालित हैं इसके साथ-साथ रिछाई उद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक कार्य चल रहे हैं जिनके उपर टैक्स बकाया है। इन सभी लोगों से भी सम्पर्क करके टैक्स जमा कराएं। उन्होंने रेल्वे, बी.एस.एन.एल., विद्युत मंडल, आई.टी. पार्क के साथ-साथ अन्य शासकीय कार्यालय प्रमुखों से सम्पर्क कर वसूली करने के निर्देश दिये हैं। बैठक के दौरान राजस्व प्रभारी एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, अपर आयुक्त अरविन्द शाह, सहायक आयुक्त आनंद मिश्रा, राजस्व प्रभारी मयंक चौरसिया, के साथ सभी संभागीय अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, बाजार निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

शातिर बदमाश साजन पर लगा रासुका

जबलपुर। शातिर बदमाश साजन उर्फ अमन सोनकर निवासी बापूनगर के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए उसे केंद्रीय जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी रांझी उमेश गोल्हानी के अनुसार आरोपी साजन उर्फ अमन वर्ष 2019 से लगातार वारदातों को अंजाम दे रहा था। उसके विरुद्ध हत्या का प्रयास, अवैध वसूली, आर्म्स एक्ट और मारपीट जैसे कुल 17 गंभीर मामले दर्ज हैं। बार-बार की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों के बावजूद उसकी आदतों में कोई सुधार नहीं आया। आरोपी के आतंक का आलम यह था कि क्षेत्र के लोग उसके डर से रिपोर्ट दर्ज कराने या सूचना देने से भी कतराते थे। आरोपी की आपराधिक गतिविधियों को गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

जिले में 17 .26 लाख मतदाता, एसआईआर की अंतिम सूची जारी

ड्राफ्ट सूची की तुलना में 49,710 मतदाताओं की वृद्धि

नवभारत,जबलपुर। अंतिम प्रकाशन में बढ़ी मतदाताओं की संख्या जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के तहत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। अंतिम सूची के अनुसार जिले में कुल 17 लाख 26 हजार 619 मतदाता दर्ज किए गए हैं, जो ड्राफ्ट प्रकाशन की तुलना में 49 हजार 710 अधिक हैं।

जिले में कुल मतदाताओं में 8 लाख 81 हजार 191 पुरुष, 8 लाख 45 हजार 362 महिला तथा 66 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। अंतिम सूची में 85 वर्ष से अधिक आयु के 5,894 वरिष्ठ मतदाता, 19,262 दिव्यांग मतदाता तथा 1,773 सर्विस वोटर शामिल हैं। जिले में कुल 2 हजार 321 मतदान केंद्र बनाए गए हैं और ईपी रेशियो 61.12 दर्ज किया गया है।

इस अवसर पर आयोजित स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को मतदाता सूची की प्रतियां औपचारिक रूप से सौंप दीं। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योति परस्ते सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभावार महिला-पुरुष, सर्विस वोटर, वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

इन विधानसभा में इतने मतदाता

विधानसभा क्षेत्र पाटन में 2,45,674, बरगी में 2,31,696, जबलपुर पूर्व में 2,09,779, जबलपुर उत्तर में 2,01,514, जबलपुर केंट में 1,60,211, जबलपुर पश्चिम में 2,05,252, पनागर में 2,53,314 तथा सिहोरा में 2,19,179 मतदाता दर्ज हैं।

ड्राफ्ट सूची से अंतिम प्रकाशन तक का अंतर

23 दिसंबर 2025 को जारी ड्राफ्ट प्रकाशन में जिले में 16 लाख 76 हजार 909 मतदाता थे, जबकि 21 फरवरी 2026 को अंतिम प्रकाशन में यह संख्या बढ़कर 17 लाख 26 हजार 619 हो गई। इस प्रकार कुल 49 हजार 710 मतदाताओं की वृद्धि दर्ज की गई है।

कर्मचारियों के हित में संघर्ष करेगा एआईडीईफ : पाठक

आयुध निर्माणी, लेबर यूनियन कार्यालय में किया गया स्वागत

नवभारत,जबलपुर। ऑल इंडिया डिफेंस एम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉमरेड एसएन पाठक का एसक्यूएई एंड एलपीआर आयुध निर्माणी खमरिया में आगमन हुआ, जहां कामरेड जितेंद्र यादव के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर एनएस पाठक ने विस्तृत रूप से फेडेरेशन के होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी और भविष्य में बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहने के लिए कहा । इसके बाद कामरेड पाठक का लेबर यूनियन कार्यालय में भी जोरदार स्वागत किया गया जहां निर्माणी कर्मचारियों के साथ कामरेड पाठक रूबरू हुए। इस दौरान सभी कर्मचारियों को आठवें पे कमिशन कॉरपोरेटाइजेशन ऑपशन फॉर्म्स ,अनुकंपा नियुक्ति ओटी, एचआरए की पेमेंट जैसे विषयों पर फेडरेशन का रुख स्पष्ट किया गया एवं सभी कर्मचारियों को आश्वस्त किया गया कि कर्मचारियों के हित में ऑल इंडिया डिफेंस एम्पलाइज आखिरी दम तक संघर्ष करेगा। इस अवसर पर यूनियन के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, फेडरेशन के संगठन मंत्री कामरेड अरनव दास गुप्ता एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अमरीश सिंह, महामंत्री सुकेश दुबे, जे सी एम मेंबर सुरेश कन्ना, सिमेंद्र रजक , कार्य समिति सोसाइटी जूनियर स्टाफ क्लब के सभी साथी उपस्थित रहे।

वलसाड-दानापुर के मध्य स्पेशल ट्रेन

जबलपुर। रेलवे द्वारा आगामी त्यौहारों होली पर यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में पश्चिम रेलवे से प्रारम्भ टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 09025/26 वलसाड-दानापुर-वलसाड साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर अपने गंतव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 09025 वलसाड से दानापुर स्पेशल ट्रेन 23 फरवरी से 30 मार्च तक प्रत्येक सोमवार को वलसाड स्टेशन से सुबह 08:40 बजे प्रस्थान कर इटारसी रात 20:00 बजे, जबलपुर 23:40 बजे पहुँचकर अगले दिन कटनी 01:05 बजे, सतना 02:20 बजे पहुँचकर मार्ग से होते हुए दोपहर 12:00 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी।

हितग्राहियों को सौंपे गए ऋण स्वीकृति पत्र

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा रिटेल मेगा क्रेडिट आउटरीच का आयोजन

नवभारत,जबलपुर। वित्तीय समावेशन और सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया जिला अग्रणी बैंक द्वारा रिटेल मेगा क्रेडिट आउटरीच अभियान का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों तक बैंकिंग सेवाओं की सुलभ पहुंच सुनिश्चित करना और सरकारी योजनाओं के माध्यम से उन्हें आर्थिक संबल प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने दीप प्रज्वलित कर अभियान की शुरुआत की। निगमायुक्त ने 'प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ब्याज अनुदान योजना' पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि शहर का कोई भी पात्र व्यक्ति अपने घर के सपने से वंचित न रहे। बैंक और प्रशासन मिलकर इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें ताकि ब्याज अनुदान का लाभ उठाकर अधिकतम लोग अपना आशियाना बना सकें। शिविर के दौरान निगमायुक्त द्वारा कई हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत ऋणों के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। पत्र पाकर हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी साफ देखी गई। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख अविनाश कुमार एवं एल.डी.एम. दिवाकर सिंह आदि ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

यातायात नियम तोड़ने वाले 200 वाहनों पर शिकंजा

ई- रिक्शा, बिना नंबर और नाबालिगों पर कार्यवाही

नवभारत, जबलपुर। शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने यातायात पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए लगभग 200 वाहनों पर शिकंजा कसा है। जिसमें अधिकतर बेतरबीन खड़े ऑटो, ई- रिक्शा चालक, नाबालिक और बिना नबंर प्लेट वाहनों पर कार्यवाही की है।

जानकारी के अनुसार अभियान के दौरान बेतरतीब खड़े होकर सवारी चढ़ाने-उतारने वाले 47 ऑटो- रिक्शा चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। इसी प्रकार बिना नंबर या अमानक नंबर प्लेट वाले 55 वाहनों पर वैधानिक कार्रवाई की गई। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर विशेष सघन अभियान चलाकर की गई। अभियान का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) सुश्री अंजना तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें थाना यातायात मालवीय चौक, गढ़ा और घमापुर क्षेत्र के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता (भा.पु.से.), जितेन्द्र सिंह, सुश्री पल्लवी शुक्ला, और सूर्यकांत शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षकों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में भी कार्रवाई सुनिश्चित की।

हमेशा यातायात नियमों का पालन करें : एसपी

पुलिस अधीक्षक जबलपुर ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में निर्धारित हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाएँ, नाबालिगों को वाहन न चलाने दें, बिना लाइसेंस वाहन न चलाएँ, दोपहिया वाहन में हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का उपयोग करें। इसके अलावा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद कर 'राहवीर योजना' का लाभ लें और हमेशा यातायात नियमों का पालन करें।

नाबालिग और अभिभावक दोनों पर कार्यवाही

चेकिंग के दौरान एक नाबालिग द्वारा वाहन चलाते पाए जाने पर नाबालिग और उसके अभिभावकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने वाले 5 वाहन चालकों के विरुद्ध भी चालानी कार्रवाई की गई। इसके अलावा काली फिल्म लगी चारपहिया वाहनों के खिलाफ 5 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। कुल मिलाकर अभियान के दौरान लगभग 200 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई।

विधानसभा घेराव को लेकर कांग्रेसियों में मंथन

नवभारत,जबलपुर। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 24 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले विधानसभा घेराव कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी जबलपुर की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते तथा मनरेगा में प्रस्तावित बदलाव कर मजदूरों के कानूनी अधिकारों पर किए जा रहे प्रहार के विरोध में व्यापक रणनीति बनाई गई। कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में विधानसभा घेराव में शामिल होने का आह्वान किया गया। इस दौरान शहर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता देश के छोटे व्यापारियों, किसानों और स्थानीय उद्योगों के हितों के खिलाफ है। साथ ही मनरेगा में बदलाव कर मजदूरों के कानूनी अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी आमजन के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि 24 फरवरी को अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुँचकर विधानसभा घेराव को सफल बनाएं।

सीएम हेल्पलाइन शिकायत के निराकरण में जबलपुर को तीसरा स्थान

लोकसेवा प्रबंधन विभाग ने जारी की ग्रेडिंग

नवभारत,जबलपुर। सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण में जबलपुर जिले ने जनवरी माह की ग्रेडिंग में प्रदेश के प्रथम समूह के जिलों में ए रेटिंग के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है। लोकसेवा प्रबंधन विभाग द्वारा शनिवार को जारी ग्रेडिंग के अनुसार जनवरी माह में जबलपुर जिले ने सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण में 83.66 वेटेज स्कोर हासिल किया है। जनवरी माह में सीएम हेल्पलाइन से जबलपुर जिले को 11 हजार 629 शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इनमें से आवेदकों की संतुष्टि के साथ शिकायतों के निराकरण के लिए निर्धारित 60 अंकों में से जबलपुर जिले ने 47.96 अंक प्राप्त किये हैं। इसके साथ ही 50 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों के आवेदकों की संतुष्टि के साथ निराकरण में भी 20 में से 13.02 अंक जिले को प्राप्त हुये हैं।

नगर निगमों में जबलपुर को दूसरा स्थान

सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में नगर निगम जबलपुर ने जनवरी माह में ए रेटिंग के साथ प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी जनवरी माह की ग्रेडिंग में नगर निगम जबलपुर को 99.21 वेटेज अंक हासिल हुये हैं। नगर निगम जबलपुर को जनवरी माह में प्राप्त 2 हजार 895 शिकायतों में से आवेदकों की संतुष्टि के साथ शिकायतों के निराकरण में 59.46 अंक हासिल हुये।

रितेश ढाबा पर फफूंद लगे पनीर की हुई जांच

पनीर और मावे के लिए नमूने, दोष सिद्ध होने पर होगी कार्रवाई

नवभारत, जबलपुर। सोशल मीडिया पर रितेश ढाबा, बरेला में फफूंदयुक्त पनीर के उपयोग की वायरल पोस्ट के बाद, खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने ढाबा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पनीर और मावे के नमूने लिए गए, जिन्हें राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल में जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ढाबा संचालक के खिलाफ खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत न्यायालयीन कार्रवाई की जाएगी।

कैशलेस हेल्थ स्कीम में पेंशनरों को शामिल करने की मांग

नवभारत,जबलपुर। मध्यप्रदेश की सभी प्रमुख विद्युत कंपनियों—म.प्र. पावर मैनेजमेंट कंपनी, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, और मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी—द्वारा नियमित कर्मचारियों, संविदा कर्मियों और पेंशनरों के लिए कैशलेस हेल्थ स्कीम प्रारंभ की गई है। मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने इस योजना की सराहना करते हुए ऊर्जा विभाग, सभी प्रबंध संचालकों और मानव संसाधन विभाग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी और पेंशनर अभी तक इस योजना में शामिल नहीं हो पाए हैं, उन्हें पुनः आवेदन करने का अवसर दिया जाना चाहिए। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी, जबलपुर के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) के अनुसार, योजना का अनिवार्य अंशदान वेतन या पेंशन से काटा जाएगा।

पहल

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा की दूरदर्शी पहल

नवाचार : छुट्टी के दिन कोर्ट कर्मचारियों के विवादों का त्वरित समाधान

नवभारत,जबलपुर। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा की दूरदर्शी पहल ने न्यायिक इतिहास में एक नया अध्याय स्थापित किया है। जिला न्यायपालिका और उच्च न्यायालय के कर्मचारियों के सेवा-संबंधी विवादों को बिना अनावश्यक विलंब के आपसी सहमति से निपटाने के उद्देश्य से मध्यस्थता प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया है। इस अभिनव अभियान के सफल संचालन की जिम्मेदारी प्रशासनिक न्यायमूर्ति विवेक रूसिया तथा न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल को सौंपी गई है।

नियमित न्यायिक कार्यों को किसी भी प्रकार से बाधित किए बिना इस पहल की प्रभावशीलता प्रदर्शित करते हुए सार्वजनिक अवकाश वाले शनिवार, 21 फरवरी को उच्च न्यायालय परिसर के साउथ हॉल में एक विशेष मध्यस्थता सत्र का आयोजन किया गया। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न इस सत्र में कुल 43 प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 25 मामलों का संवाद एवं सहमति के आधार पर तत्काल निराकरण किया गया। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जिसने कर्मचारियों के मध्य विश्वास और सौहार्द को और अधिक सुदृढ़ किया है।

आज आयोजित मध्यस्थता सत्र की विशेषता यह रही कि इसमें न केवल व्यक्तिगत रूप से उपस्थित कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की, बल्कि मध्य प्रदेश

के विभिन्न जिलों में पदस्थ कर्मचारियों ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रभावी रूप से भाग लिया। मध्यस्थता की इस तकनीक सक्षम एवं समकालीन व्यवस्था ने भौगोलिक दूरी की बाधाओं को समाप्त करते हुए दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों के प्रकरणों का त्वरित, पारदर्शी और परिणाममुखी निराकरण सुनिश्चित किया। विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह रहा कि वर्ष 2005 एवं 2010 से लंबित प्रकरणों का भी सफलतापूर्वक निराकरण किया गया, जिससे दीर्घकाल से लंबित मामलों के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई। यह पहल समयबद्ध, प्रभावी एवं उत्तरदायी प्रशासनिक व्यवस्था की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल ने कहा कि मुख्य न्यायमूर्ति के मार्गदर्शन में ऐसे मध्यस्थता सत्र भविष्य में नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे। इससे कर्मचारियों को त्वरित एवं किफायती न्याय उपलब्ध होगा तथा यह प्रक्रिया सुलभ, व्यावहारिक और प्रभावी न्याय प्रणाली की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध होगी।

यह प्रेरणादायी और अभूतपूर्व पहल न्यायिक संस्कृति में सकारात्मक परिवर्तन का संकेत देती है। वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र को सुदृढ़ करते हुए यह न केवल समय और संसाधनों की बचत सुनिश्चित करेगी, बल्कि न्याय व्यवस्था की दक्षता और विश्वसनीयता में भी उल्लेखनीय वृद्धि करेगी-एक ऐसा कदम जो पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता है। इस अवसर पर रजिस्ट्रार जनरल धरमिंदर सिंह राठौड़ सहित अन्य रजिस्ट्रारगण उपस्थित रहे। साथ ही हाई कोर्ट पैनल के वरिष्ठ अधिवक्तागण आदित्य अधिकारी, अनूप नायर, बी.एन. मिश्रा, श्रीमती अमृत रूपराह, आकाश चौधरी, सिद्धार्थ सेठ, के.एन. फखरुद्दीन, संदीप के. शुक्ला, राजेन्द्र सेन, पराग तिवारी, मिहिर अग्रवाल, संपत कुशवाहा, श्रीमती नीलम गोयल, अभिषेक अर्जारिया, श्रीमती अंजली पटेल. विवेकानंद अवस्थी एवं राहुल चौबे ने उपस्थिति रहकर सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

पुणे-गाजीपुर सिटी के मध्य स्पेशल ट्रेन

जबलपुर। रेलवे द्वारा आगामी त्यौहारों होली पर यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में मध्य रेल से प्रारम्भ टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01431/01432 पुणे-गाजीपुर सिटी-पुणे स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर अपने गंतव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 01431 पुणे से गाजीपुर सिटी स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 24 एवं 27 फरवरी एवं होली के अवसर पर 03 एवं 06 मार्च को पुणे स्टेशन से सुबह 06:40 बजे प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए पिपरिया 22:10 बजे, नरसिंहपुर 23:05 बजे, पहुँचकर अगले दिन मदनमहल मध्यरात्रि 00:40 बजे, कटनी 02:45 बजे, मैहर 04:10 बजे, सतना 06:00 बजे पहुँचकर मार्ग से होते हुए रात में 19:05 बजे गाजीपुर सिटी स्टेशन पहुँचेगी।